Bareilly, Saturday
12 July 2025
BAREILLY EDITION
Pages 12

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

# टूर्नामेंट में एसआरएमएस की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (11 July):** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही अंडर 14 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में फ्राइडे को दो मुकाबले खेले गये. इससे पहले मैच का उद्घाटन उपखण्ड अधिकारी शिवम पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. जिसमें पहला मुकाबला बरेली राइडर्स और क्रिकेट नर्सरी के बीच खेला गया. जिसमें बरेली राइडर्स ने क्रिकेट नर्सरी रेलवे ग्राउंड रोड नंबर 4 को 74 रनों से हराकर सेमी फ़ाइनल में प्रवेश किया. बरेली राइडर्स के कैप्टन हिमेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 126 रन बनाए. जिसमें सर्वाधिक रन पल्लव प्रताप सिंह ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 19 गेंदों में 35 योगदान दिया. वहीं कृपांशु गंगवार ने 30 रनों का कि बहु मूल्य पारी खेली और सुबोध कुमार ने नाबाद 19 रनों का योगदान दिया. वहीं क्रिकेट नर्सरी रेलवे ग्राउंड के लिए गेंदबाज़ी में आकाश कुमार ने तीन शुभ और सचिन राठौड़ ने 2-2 विकेट लिए.



## 125 रनों से अपने नाम किया मैच

दूसरा मैच में एसआरएमएस और जीपी में क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ . इसमें एसआरएमएस ने जीपी क्रिकेट एकेडमी को 125 रनों से हराकर सेमी-फाइनल में प्रवेश किया . एसआरएमएस के कप्तान हिमांशु ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए .